Dr. Natwa Hansdak
CHAIRMAN

220

JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL,RANCHI
Gyandeep Campus, Bargawan, Namkum,
Ranchi – 834010
ज्ञानदीप परिसर, बड़गावाँ, नामकुम,
राँची – 834010
फोन : 0651-2261181
0651. 2261999(F)
www.jac.jharkhand.gov.in

Ref: JAC/CSSS/ Sch/ JAC/SCH/CSSS/93/23/CC/98/26 Date: 01.07.2026

सेवा में,

कुलपति
सभी विश्वविद्यालय,
राँची विश्वविद्यालय, राँची
डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, विश्वविद्यालय राँची
नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
बिनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
सिद्धो–कान्हू–मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका
विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राँची
राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालय

विषय :– सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटी (PM-USP-CSSS) छात्रवृत्ति हेतु आवेदन भरने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करते हुए अंकित करना है कि "सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी" के तहत् वैसे छात्र/छात्राएँ, जो 2026 में इंटरमीडिएट कला, विज्ञान या वाणिज्य की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हों, एवं **Top 20 Percentile** के अन्तर्गत आते हों वैसे सभी मेधावी छात्र/छात्राओं को MHRD New Delhi के द्वारा उक्त छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना है। इसके तहत् झारखण्ड राज्य हेतु कुल 1878 छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना है, परन्तु जानकारी के अभाव में बहुत ही कम छात्र/छात्राएँ इसके लिए आवेदन कर पाते हैं। फलस्वरूप झारखण्ड राज्य का कोटा रिक्त रह जाता है।

इन छात्र/छात्राओं को MHRD, New Delhi के द्वारा अग्रेत्तर अध्ययन हेतु 10,000/- (दस हजार) रूपया प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है। छात्रवृत्ति संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार के **National Scholarship Portal** पर उपलब्ध है। इसमे छात्र/छात्राएँ स्वयं **Scholarships.gov.in** पर login कर अपना ID बनाकर Data Submit कर सकते हैं। छात्रवृत्ति का भुगतान MHRD, New Delhi के द्वारा DBT के माध्यम से सीधे लाभुकों के खाते में किया जाता है। इसके लिए NSP Portal पर Online आवेदन आमंत्रित किये जा रहें हैं। **Top 20 Percentile** की सूची MHRD, New Delhi को उपलब्ध कराई जा रही है।

किसी प्रकार की कठिनाई होने पर छात्र/छात्राएँ NSP Portal के दूरभाष संख्या –120-6619540 या helpdesk@nsp.gov.in पर या छात्रवृत्ति कोषांग के दूरभाष संख्या 7485093439 पर पर सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त के संबंध मे परिषद् द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इस संबंध में भवदीय स्तर से सभी महाविद्यालयों/छात्र/छात्राओं को एतद् विषयक दिशा–निर्देश देने की कृपा की जाय। हमें विश्वास है कि आपके सहयोग से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड प्रदेश हेतु निर्धारित लक्ष्य 1878 की संप्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

विश्वासभाजन
Hansdak 01/07/2026
(डॉ० नटवा हाँसदा)
अध्यक्ष
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

Scanned with OKEN Scanner

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्रपत्र जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

विज्ञप्ति संख्या– 46 / 2026

एतद् द्वारा झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण ऐसे छात्र/छात्रा, जिनका परीक्षाफल अपने संकाय (कोटिवार) में Top 20th Percentile/above 80th Percentile of Successful Candidates in relevant stream में सम्मिलित है, को सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशीप स्कीम फॉर कॉलेज एवं युनिवर्सिटी के तहत् छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र National Scholarship Portal (**https://scholarships.gov.in**) पर Online आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित सभी प्रकार दिशा–निर्देश उक्त पोर्टल पर प्रकाशित है। संबंधित छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि National Scholarship Portal पर उपलब्ध दिशा–निर्देश का अनुपालन कर आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा किया सकेगा।

पूर्व से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राएँ Renewal के लिए आवेदन प्रपत्र पूर्व की भाँति ही ऑनलाइन जमा करेंगे। आवेदन करने संबंधी विस्तृत विवरणी/दिशा–निर्देश परिषद् के Website- **jac.jharkhand.gov.in** के Exam form portal के Notice Section में Web Notice के रूप में प्रकाशित है। किसी भी तरह की असुविधा की स्थिति में कार्यालय अवधि में परिषद् के दूरभाष संख्या– 7485093439 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

ज्ञापांक JAC/SCh/CSSS/93/23/Secy/519/26

दिनांक 8.7.2026

अध्यक्ष के आदेश से

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

Scanned with OKEN Scanner